# वोडाफोन-आइडिया को सहारा

**2040** -41 तक बकाया लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम शुल्क में दी मोहलत | **49** प्रतिशत शेयरधारक है सरकार वर्तमान में कंपनी की



**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. केंद्र सरकार ने वोडाफोन आइडिया को बड़ा आर्थिक राहत पैकेज देते हुए कंपनी के 87,695 करोड़ रुपये के बकाया लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के भुगतान के लिए 2040-41 तक की मोहलत दी है।**

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस बकाया पर कंपनी को कोई ब्याज या जुर्माना नहीं देना होगा। कंपनी को यह राशि 2031-32 से 2040-41 तक किस्तों में चुकानी होगी। वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सरकार से राहत की मांग की थी। यह निर्णय उपभोक्ताओं के हित और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की दृष्टि से लिया गया है। सरकार वर्तमान में कंपनी की 49 प्रतिशत शेयरधारक है और बकाया राशि की किश्तों में अदायगी से उसके नकदी प्रवाह में स्थिरता बनी रहेगी। मंत्रिमंडल ने दूरसंचार विभाग को निर्देश दिया है कि वह दिसंबर 2025 तक की समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) आधारित बकाया राशि का पुन: आकलन करे। इससे एजीआर प्रणाली के तहत शुल्क निर्धारण और कटौती की पुष्टि की जाएगी। केंद्र सरकार ने वोडाफोन आइडिया को वित्तीय संकट से उबारने और दूरसंचार बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने कंपनी के 87,695 करोड़ रुपये के बकाया लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क का भुगतान 2040-41 तक करने की मोहलत दी है। इस राहत के तहत कंपनी को ब्याज या किसी प्रकार का जुर्माना नहीं देना होगा। कंपनी को यह राशि 2031-32 से 2040-41 तक किस्तों में चुकानी होगी।

> वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय एक बड़ी दूरसंचार कंपनी को दबाव से मुक्त करने का संतुलित उपाय है, जिससे पूरे क्षेत्र में निवेश और सेवा की गुणवत्ता बनी रहे। इस फैसले से वोडाफोन आइडिया अपने परिचालन और विस्तार योजनाओं में आसानी से निवेश कर सकेगी। साथ ही, कंपनी के ग्राहकों के लिए सेवाओं में स्थिरता बनी रहेगी और भारत के दूरसंचार क्षेत्र में व्यापक आर्थिक लाभ होगा।

## एमएसई प्लेटफॉर्म पर चार कंपनियां सूचीबद्ध

**मुंबई, 31 दिसंबर.** शेयर बाजार बीएसई के मझौली और छोटी कंपनियों वाले एमएसई प्लेटफॉर्म पर चार नयी कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं. बीएसई ने बुधवार को जानकारियों में बताया कि उसके एसएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाली नयी कंपनियां नैनटा टेक लिमिटेड, एडमैक सिस्टम्स लिमिटेड, बाई-काकाजी पॉलिमर्स लिमिटेड और अपोलो टेक्नो इंडस्ट्री लिमिटेड हैं. इसके साथ ही इस प्लेटफॉर्म पर अब कंपनियों की संख्या 689 हो गयी है. चारों कंपनियों का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 26 दिसंबर को बंद हुआ था. गुजरात के अहमदाबाद स्थित नैनटा टेक ऑडियो विजुअल (एवी) इंटीग्रेशन और एवी उत्पादों, सर्विस रोबोट तथा सेवाओं से संबंधित सॉफ्टवेयर के वितरण का कारोबार करती है.

# नए साल में आरबीआई से राहत की उम्मीद

## ब्याज दरों में और ज्यादा कटौती संभव

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. नई दिल्ली- खुदरा महंगाई में कमी और मजबूत आर्थिक वृद्धि ने इस बात की उम्मीद बढ़ा दी है कि भारतीय रिजर्व बैंक नए साल 2026 में नीतिगत राहत दे सकता है. 2025 में केंद्रीय बैंक ने छह मौद्रिक नीति समीक्षाओं में से चार में अपनी प्रमुख दरों में कुल 1.25प्रतिशत की कटौती की. गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि यह कदम वृद्धि को समर्थन देने के लिए उठाया गया.**

हालांकि, रुपये के प्रबंधन ने सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है. 2025 में घरेलू मुद्रा लगातार कमजोर हुई और डॉलर के मुकाबले 85.64 रुपये पर बंद हुई. केंद्रीय बैंक ने बाजार में हस्तक्षेप से उतार-चढ़ाव कम किया, लेकिन विदेशी मुद्रा भंडार से 38 अरब डॉलर की बिक्री करनी पड़ी. विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में याज दरों में और कटौती कर सकता है, लेकिन रुपये के उतार-चढ़ाव और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निगरानी बनी रहेगी. बैंकों को दरों में संभावित कटौती से शुद्ध ब्याज मार्जिन पर असर पड़ सकता है, लेकिन पर्याप्त नकदी और नियामकीय ढील से यह प्रभाव कुछ हद तक कम होगा.




> गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस साल छह मौद्रिक नीति समीक्षाओं में से चार में कुल 1.25 प्रतिशत कटौती की. फरवरी और जून में की गई कटौती विशेष रूप से वृद्धि को समर्थन देने और नीतिगत ढील प्रदान करने के उद्देश्य से थी. मल्होत्रा ने अपनी पहली वर्षगांठ पर मौजूदा आर्थिक स्थिति को भारत के लिए संतुलित दौर करार दिया. अमेरिका के टैरिफ, भू-राजनीतिक बदलाव और वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव के बावजूद वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रही और महंगाई एक प्रतिशत से नीचे रही. हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे चलकर वृद्धि दर थोड़ी नरम पड़ सकती है और खुदरा महंगाई आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के करीब लौट सकती है.

# सोने-चांदी के दाम धड़ाम, निवेशकों को लगा झटका

**1500** रुपए नीचे आया सोना

**15000** रुपए कम हुई चांदी

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. नए साल से ठीक पहले सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों ने निवेशकों और ग्राहकों दोनों को चौंका दिया है. लंबे समय से ऊंचाई पर बने हुए गोल्ड और सिल्वर के भाव में आज जोरदार गिरावट दर्ज की गई.** एक ही दिन में सोना 1500 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया, जबकि चांदी के दामों में 15 हजार रुपये तक की टूट देखने को मिली है. सर्राफा बाजार में बुधवार, 31 दिसंबर को सोने-चांदी के भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई. एमसीएक्स के बाद अब बुलियन मार्केट में भी कीमती धातुओं के दाम तेजी से फिसल गए. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सोना 1500 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया, जबकि चांदी के भाव में करीब 15 हजार रुपये प्रति किलो तक की गिरावट देखने को मिली. आज बिना जीएसटी चांदी 229433 रुपये प्रति किलो पर आ गई, जबकि जीएसटी समेत इसकी कीमत 236315 रुपये प्रति किलो दर्ज की गई. वहीं, 24 कैरेट सोने का रेट बिना जीएसटी 134599 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा और टैक्स जोड़ने के बाद यह 137091 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया.

> कैरेट के हिसाब से देखें तो 22 कैरेट सोना 1374 रुपये टूटकर 121919 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जबकि जीएसटी समेत इसकी कीमत 125576 रुपये है. 18 कैरेट गोल्ड भी 1374 रुपये की गिरावट के साथ 99824 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. वहीं, 14 कैरेट सोने के दाम 877 रुपये गिरकर 77863 रुपये पर आ गए हैं. गौरतलब है कि 29 दिसंबर को सोना 138181 रुपये के ऑलटाइम हाई पर था, जहां से अब यह 5000 रुपये से ज्यादा टूट चुका है.

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 546 अंक मजबूत

**मुंबई, 31 दिसंबर.** बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूत हुआ और साल के अंतिम कारोबारी दिवस पर 26,129.60 अंक पर बंद हुआ. मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा. आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही. तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिंग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ऊपर चढ़े. सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर करीब ढाई प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का लगभग दो प्रतिशत टूट गया. रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टाइटन, ट्रेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे. भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, आईटीसी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए.

# लव अग्रवाल होंगे नये डीजीएफटी



**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नये महानिदेशक होंगे.**

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस श्री अग्रवाल इस पद पर श्री अजय भादू का स्थान लेंगे. श्री अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे. वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे. केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था. लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था.

उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है. सरकार ने वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत सुचिंद्र मिश्रा को सचिव पद पर प्रोन्नत कर इसी विभाग में अतिरिक्त सचिव के एक रिक्त पड़े पद का दायित्व दिया गया है जिसे अस्थायी रूप से उन्नत कर सचिव स्तर का कर दिया गया है.

# इंडिगो को 458 करोड़ का नोटिस




**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने 458.26 करोड़ रुपये से अधिक के लिए दो अलग-अलग नोटिस जारी किये हैं. दिसंबर के पहले सप्ताह में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद कंपनी को जीएसटी विभाग से अब तक तीन नोटिस मिल चुके हैं.**

एयरलाइंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे दक्षिणी दिल्ली कमीश्नरेट में केंद्रीय जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त से 29 दिसंबर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है. इसमें 4,58,26,16,980 रुपये का जीएसटी, ब्याज और जुर्माना भरने के लिए कहा गया है. यह मांग वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के लिए है. जीएसटी विभाग ने इस नोटिस में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त मुआवजे पर जीएसटी के साथ ब्याज और जुर्माने की मांग की है. साथ ही कंपनी द्वारा लिये गये इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी अवैध बताया गया है. एयरलाइंस ने पुख्ता विश्वास जताया है कि जीएसटी विभाग द्वारा जारी आदेश त्रुटिपूर्ण और कानून के खिलाफ है. उसने कहा है कि वह इसे चुनौती देगी और समुचित वैधानिक उपाय करेगी. कंपनी ने बताया है कि वित्त वर्ष 2017-18 के लिए इसी तरह के एक नोटिस के खिलाफ उसने अपील की है. दूसरा नोटिस लखनऊ के संयुक्त आयुक्त कार्यालय ने भेजा है.

# कार्यालय कलेक्टर जिला - भोपाल एवं समुचित सरकार
## मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग
## प्रारंभिक अधिसूचना

**दिनांक 22/12/2025**

क्रमांक / 670 / भू-अर्जन / 2025 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि इसके संलग्न सूची के खाने (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है.

प्रकरण क्रमांक 09/अ-82/2025-26 चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में सुठालिया सिंचाई परियोजना तहसील - बैरसिया, जिला-भोपाल के ग्राम - सुमेर के डूब क्षेत्र के लिए वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची 2 में उल्लेखित है. अत: भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013 ) की धारा-11 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची 2 की भूमि की अनुसूची 1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है. चूंकि कार्यपालन यंत्री सुठालिया परियोजना, जल संसाधन संभाग, ब्यावरा द्वारा प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति म.प्र. राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) पर्यावरण योजना और समन्वय संगठन, पर्यावरण परिसर ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल के पत्र क्र. 1111/ SEIAA दिनांक 03.06.2021 द्वारा जारी की गयी है. पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किये जाते समय विभाग द्वारा प्रस्तुत अंतिम ई.आई.ए/ई.एम.पी. प्रतिवेदन में भी सामाजिक समाघात निर्धारण अध्याय को सम्मिलित कराया गया था. तत्पश्चात पृथक से सामाजिक समाघात निर्धारण भी कराया जा चुका है.

### अनुसूची ( 1 )

**तहसील :- बैरसिया** — **जिला :- भोपाल**

**सुठालिया सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत प्रभावित डूब क्षेत्र की भूमि का भू-अर्जन प्रस्ताव, ग्राम - सुमेर**

| स.क्र. | विवरण | भूमि का रकबा (हेक्टेयर में) | |
|---|---|---|---|
| | | कुल रकबा | प्रभावित रकबा |
| 1. | सुठालिया सिचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित ग्राम - सुमेर की भूमि की आवश्यकता . | 50.837 | 39.312 |
| | **कुल योग :** | **50.837** | **39.312** |

### अनुसूची ( 2 )

| स. क्र. | नाम कृषक, पिता का नाम, जाति, ग्राम | सर्वे नंबर | कुल रकबा ( हेक्टयर में) | प्रभावित रकबा ( हेक्टयर में) | अर्जित भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मांगीलाल पुत्र जगन्नाथ जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/1 | 0.498 | 0.498 | कृषि |
| | | 69/1/1/8 | 1.214 | 1.214 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **1.712** | **1.712** | |
| 2. | जालमसिंह पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/1 | 0.353 | 0.353 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.353** | **0.353** | |
| 3. | प्रहलाद सिंह पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/2 | 0.385 | 0.385 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.385** | **0.385** | |
| 4. | मोहरसिंह पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/3 | 0.404 | 0.404 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.404** | **0.404** | |
| 5. | दौलत सिंह पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/4 | 0.405 | 0.405 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.405** | **0.405** | |
| 6. | जमनीबाई बेवा नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/5 | 0.083 | 0.083 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.083** | **0.083** | |
| 7. | इमरतबाई पुत्री नन्नूलाल जाति भोई पता सा. देह भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/2/6 | 0.082 | 0.082 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.082** | **0.082** | |
| 8. | गंगाराम पुत्र बंशीलाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/3 | 1.710 | 1.710 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.710** | **1.710** | |
| 9. | जालमसिंह पुत्र बापूलाल पता मेंगरा नवीन बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/3/1 | 0.809 | 0.809 कृषि | |
| | | **कुल 1 किता** | **0.809** | **0.809** | |
| 10. | चैन सिंह पुत्र बापूलाल पता मेंगरा नवीन बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/3/2 | 0.809 | 0.809 कृषि | |
| | | **कुल 1 किता** | **0.809** | **0.809** | |
| 11. | गुलाब पुत्र मूलचन्द जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/4 | 1.465 | 1.465 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.465** | **1.465** | |
| 12. | कमलाबाई बेवा शोभाराम, सरजूबाई पुत्री शोभाराम जाति भोई पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | 69/1/1/5/1 | 0.130 | 0.130 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.130** | **0.130** | |
| 13. | मोहन लाल पुत्र नाथूराम जाति गुर्जर पता मेंगरा नवीन बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/5/2 | 0.198 | 0.198 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.198** | **0.198** | |
| 14. | राजकुमारी पत्नी गुलाब जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/6 | 2.024 | 2.024 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **2.024** | **2.024** | |
| 15. | गुलाब पुत्र नाना जी जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/7 | 1.622 | 1.622 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.622** | **1.622** | |
| 16. | लीलाकिशन पुत्र विनयसिंह जाति गूजर पता सा मेगरा नवीन भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/9/1 | 0.857 | 0.857 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.857** | **0.857** | |
| 17. | निर्भयसिंह पुत्र मोहनलाल जाति गूजर पता सा मेगरा नवीन भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/9/2 | 0.857 | 0.857 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.857** | **0.857** | |
| 18. | मूलचन्द पुत्र भंवरजी जाति भोई पता बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/10 | 0.810 | 0.810 | कृषि |
| | | 19/1/1 | 0.405 | 0.203 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **1.215** | **1.013** | |
| 19. | मोहन लाल पुत्र नाथूराम जाति गुर्जर पता मेंगरा नवीन बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/11 | 0.806 | 0.806 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.806** | **0.806** | |
| 20. | हरीसिंह पुत्र नाथूराम जाति गूजर पता मेंगरा नवीन बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 69/1/1/12 | 0.809 | 0.809 | कृषि |
| | | 69/1/1/13 | 0.829 | 0.829 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **1.638** | **1.638** | |
| 21. | फतेहसिंह पुत्र नाथूराम जाति गूजर पता सा. मेगरा नवीन भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/14 | 1.680 | 1.680 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.680** | **1.680** | |
| 22. | नारान सिंह पुत्र मोहनलाल जाति गूजर पता मेगरा नवीन बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/1/1/15 | 1.680 | 1.680 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.680** | **1.680** | |
| 23. | छुटियाबाई बेवा नन्नूलाल पता सुमेर बैरसिया भोपाल म. प्र. भूमि स्वामी | 69/2/1 | 0.675 | 0.675 | कृषि |
| | | 63/1 | 0.302 | 0.151 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.977** | **0.826** | |
| 24. | कमलसिंह पुत्र हरीसिंह जाति गूजर पता मेगरा नवीन बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 69/2/2 | 1.348 | 1.348 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.348** | **1.348** | |
| 25. | कमलाबाई बेवा भोलाराम, पूरन पुत्र भोलाराम, मंजू पुत्री भोलाराम, राजूबाई पुत्री भोलाराम, संगीताबाई पुत्री भोलाराम, अर्जुन पुत्र भोलाराम जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 63/2 | 0.300 | 0.150 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.300** | **0.150** | |
| 26. | मूलचन्द पुत्र गनपत जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 63/3 | 0.300 | 0.150 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.300** | **0.150** | |
| 27. | रामप्रसाद पुत्र नाथू, नारान पुत्र नाथू जति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वमी | 131/1 | 0.065 | 0.007 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.065** | **0.007** | |
| 28. | विक्रमसिंह पुत्र नारायणसिंह जाति ठाकुर पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वमी | 27/1 | 3.031 | 3.031 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **3.031** | **3.031** | |
| 29. | भगवानसिंह पुत्र नारायणसिंह जाति ठाकुर पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 27/2 | 0.158 | 0.158 | कृषि |
| | | 28/1 | 0.774 | 0.077 | कृषि |
| | | 83 | 0.522 | 0.026 | कृषि |
| | | **कुल 3 किता** | **1.454** | **0.261** | |
| 30. | प्रेमसिंह पुत्र नारायणसिंह जाति ठाकुर पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 28/2 | 0.574 | 0.057 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.574** | **0.057** | |
| 31. | काशीराम पुत्र श्योलाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 82 | 0.267 | 0.013 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.267** | **0.013** | |
| 32. | प्रहलादसिंह पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वमी | 84/1 | 0.283 | 0.028 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.283** | **0.028** | |
| 33. | पन्नालाल पुत्र ग्यारसीराम जाति लोधा पता सा. विजावन कलां सा. विजावन कंला भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 85/1 | 0.369 | 0.185 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.369** | **0.185** | |
| 34. | मोहरसिंह पुत्र नन्नूलाल हि. 1/2 भाग, दौलतराम पुत्र नन्नूलाल हि. 1/2 भाग जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 85/2 | 0.206 | 0.103 | कृषि |
| | | 84/2 | 0.279 | 0.014 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **0.485** | **0.117** | |
| 35. | मोहरसिंह पुत्र नन्नूलाल, दौलतराम पुत्र नन्नूलाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 86 | 0.538 | 0.484 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.538** | **0.484** | |
| 36. | मोर सिंह पुत्र शंकर लाल पता विजावन कलां बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 87/1/1 | 0.202 | 0.101 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.202** | **0.101** | |
| 37. | दीपेंद्रसिंह राठौर पुत्र भगवान सिंह जाति राठौर पता नरसिंहगढ़ बैरसिया राजगढ़ म.प्र. भूमि स्वामी | 87/1/2 | 0.809 | 0.405 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.809** | **0.405** | |
| 38. | लीलाकिशन पुत्र प्रहलादसिंह जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी | 87/2 | 0.405 | 0.203 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.405** | **0.203** | |
| 39. | घसीटीबाई बेवा हीरालाल हि. 1/11 भाग, प्रेमसिंह पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, शिवनारायण पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, जगमोहन पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, नरेश पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, सन्तोष पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, राजू पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, गोविन्द पुत्र हीरालाल हि. 1/11 भाग, गुड्डीबाई पुत्री हीरालाल हि. 1/11 भाग, राजकुमारीबाई पुत्री हीरालाल हि. 1/11 भाग, सेवन्तीबाई पुत्री हीरालाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 94 | 0.433 | 0.043 | कृषि |
| | | 19/2 | 0.174 | 0.157 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **0.607** | **0.200** | |
| 40. | शिव पुत्र मदनलाल जाति कुम्हार पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 103/1 | 1.214 | 0.182 | कृषि |
| | | 103/2 | 1.858 | 0.650 | कृषि |
| | | 139/18/1 | 0.405 | 0.405 | कृषि |
| | | **कुल 3 किता** | **3.477** | **1.237** | |
| 41. | भागीरथ पुत्र हरकिशन जाति लोधा पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 25/2 | 0.141 | 0.085 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.141** | **0.085** | |
| 42. | नर्बदाप्रसाद पुत्र रामचरण, दौलतसिंह पुत्र रामचरण, रामबाबू पुत्र रामचरण जाति लोधा पता सा बांदी खेड़ी भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 25/3 | 2.128 | 1.277 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **2.128** | **1.277** | |
| 43. | जालम सिंह पुत्र नन्नूलाल, प्रहलादसिंह पुत्र नन्नूलाल, मोहरसिंह पुत्र नन्नूलाल, दौलतराम पुत्र नन्नूलाल जाति भोई सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 20/1/1 | 0.619 | 0.310 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.619** | **0.310** | |
| 44. | रामसिंह पुत्र मूलचन्द जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वमी | 19/1/2 | 2.023 | 1.012 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **2.023** | **1.012** | |
| 45. | मांगीलाल पुत्र जगन्नाथ हि. 1/2 भाग, कनीराम पुत्र जगन्नाथ हि. 1/2 भाग जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 19/3 | 0.405 | 0.182 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.405** | **0.182** | |
| 46. | श्रीमती सवोदरीबाई पत्नी मूलचन्द जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 9/1/1 | 1.214 | 0.607 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **1.214** | **0.607** | |
| 47. | नर्बदा प्रसाद पुत्र रामचरण, रामबाबू पुत्र रामचरण, मंगलीबाई बेवा रामचरण, नाथू पुत्र तुलसीराम जाति लोधा पता विजावन कलां बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भमि स्वामी | 9/1/2/1 | 2.752 | 1.376 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **2.752** | **1.376** | |
| 48. | कमलसिंह पुत्र मांगीलाल जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 9/1/2/2 | 0.405 | 0.203 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.405** | **0.203** | |
| 49. | दशरथ सिंह पुत्र मूलचंद जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 9/2 | 0.809 | 0.809 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.809** | **0.809** | |
| 50. | नोरंग पुत्र मांग्या जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 18/1 | 0.749 | 0.749 | कृषि |
| | | **कुल 1 किता** | **0.749** | **0.749** | |
| 51. | अंजू रैकवार पत्नी करनसिंह जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 18/2 | 0.036 | 0.036 | कृषि |
| | | 16/2/2 | 0.571 | 0.571 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **0.607** | **0.607** | |
| 52. | कनीराम पुत्र जगन्नाथ हि. 1/2 भाग, राधेश्याम पुत्र मांगीलाल हि. 1/2 भाग जाति भोई पता सुमेर बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 16/1 | 1.963 | 1.963 | कृषि |
| | | 16/2/1 | 0.607 | 0.607 | कृषि |
| | | **कुल 2 किता** | **2.570** | **2.570** | |
| | **महायोग :-** | **कुल 64 किता** | **50.837** | **39.312** | |

भूमि के नक्शे ( प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व) बैरसिया जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है.

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 22/12/2025**

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)**
**कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव**
**राजस्व विभाग,**
**जिला - भोपाल (म.प्र.)**

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**बैरसिया, जिला भोपाल**

**G-23614/25**